हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 जुलाई 2024

04 हर समाज का प्रबुद्ध वर्ग साथ तो क्षेत्र में लिखेंगे ...



07 पिनकॉन ग्रुप के निवेशकों में हर्ष कलेक्टर सागर दीपक...





### शहर के अन्य क्षेत्रों में भी बैक वाटर को रोकने के लिए नागरिकों ने लगाई गुहार

# वर्षाकाल में बैकवाटर की स्थिति से निपटने के लिए नाले का निर्माण

**बारिशकाल में बैक वाटर की वजह से मुख्य मार्गों पर पानी जमा होने और निचले क्षेत्रों में पानी घुस जाने के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद ने मीनाक्षी चौक स्थित पीलीखंती के पास नाला निर्माण कराने की कवायद शुरू की है। वहीं नागरिकों ने नपा जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि शहर के एसएनजी स्कूल के पास, इंदिरा चौक, जयस्तंभ सहित अन्य निचले क्षेत्रों में बारिश के दौरान पानी निकासी के लिए नाले एवं नालियों के निर्माण की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लम्बे अरसे से शहर के मीनाक्षी चौक से सटे क्षेत्र में वर्षाकाल के दौरान बैकवाटर की वजह से नाले का पानी सड़क पर आने के साथ ही निचले क्षेत्रों के घरों में घुस जाता है। जिससे आम नागरिकों को एक ओर जहां धन हानि का सामना करना पड़ता है। वहीं लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरित प्रभाव पड़ता है। इतना ही नहीं उक्त नाले का पानी शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जाने से बाढ़ की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। जिला प्रशासन के साथ साथ स्थानीय प्रशासन ने कई बार उक्त समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए लेकिन न काफी रहे। इस बार वर्षाकाल के पूर्व नगर पालिका परिषद ने उक्त समस्या के समाधान का निर्णय लिया। नपाध्यक्ष ने नाले निर्माण कराने के संकल्प के साथ लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली। विदित हो कि नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में लगातार नगर विकास के नए सोपान गढ़े जा रहे हैं। वार्ड 28 एवं वार्ड 17 में आनंद नगर, पीली खंती, मीनाक्षी चौक के निवासियों की वर्षों पुरानी समस्या समाधान हो गया है। वार्ड 28 की पार्षद कंचन सेट्टी चौकसे के वार्ड 28 में एवं वार्ड 17 में 4.65 करोड़ की लागत से नाला बन कर तैयार हो रहा है। जिससे उक्त क्षेत्र के वासियों जल भराव की समस्या से निजात मिल जाएगी। उक्त वार्डों के अलावा और अन्य वार्डों की समस्या का समाधान हो जाएगा। इससे पूर्व उक्त नाला नहीं बनने के कारण आनंद नगरनिवासियों, पीली खंती, मीनाक्षी चौक और वनविभाग की बांस डिपो के पास नाले का पानी बारिश के दिनों में ओवर होता था जिसके कारण नाले का पानी लोगों के घरों में घुस जाता था। अब इस समस्या से वहां के स्थानीय लोगों का समाधान हो जाएगा। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि हमारी परिषद सबका साथ सबका विकास पर आधारित कार्य कर रही है। नाले का निर्माण पूर्णता की ओर है। इस नाले के निर्माण से नगर के नागरिक को फायदा होगा। निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण नाला निर्माण और समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### शहर के अन्य नालों के निर्माण की दरकार

नागरिकों का कहना है कि एक ओर जहां मीनाक्षी चौक स्थित पीलीखंती के पास नपा द्वारा नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बारिश के दौरान एसएनजी स्कूल के पास तिराहे पर डाउन एरिए में जमा होने वाला पानी के निकासी के लिए नाला निर्माण, जय स्तंभ चौक से मुख्य बाजार के तिराहे पर बारिश में अधिक जमा होने वाला पानी और इंदिरा चौक पर पानी निकासी के लिए नालियों के निर्माण कार्य कराने की मांग की है। जयस्तंभ चौक पर व्यापारी गोलू कहार ने बताया कि बारिश के दौरान अधिक पानी इकट्ठा होने से बैक वॉटर दुकानों में घुस जाता है। साथ ही सड़क पर घुटने घुटने पानी होने के कारण लोगों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। छोटे व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों से उक्त क्षेत्र में बारिश के दौरान पानी निकासी के लिए नाला और नालियों के निर्माण कराने की मांग की है। ताकि व्यापारियों के साथ साथ आमजन को भी बाजार में आवाजाही की समस्या से राहत मिल सके।

## व्यवसायिक शिक्षा योजना के संचालन के लिए प्राचार्यों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के व्यावसायिक शिक्षा संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों का रविवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आरएमएसए मीटिंग हॉल में संपन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि जिले के कुल 48 शासकीय स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा योजना संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत आईटी, हेल्थकेयर, ब्यूटी एंड वैलनेस, प्रायवेट सिक्योरिटी, एग्रीकल्चर, रिटेल, अपेरल जैसे कुल 10 ट्रेड्स में विद्यार्थियों को रोजगार मूलक शिक्षा दी जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन द्वारा उपस्थित प्राचार्यों को व्यावसायिक शिक्षा के महत्त्व और लाभों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों का ट्रेक रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश दिए गए । एडीपीसी राजेश गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 8 नए हायर सेकेंडरी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा आरंभ की जा है एवं सरकारी स्कूलों के छात्र छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से विभिन्न व्यवसायों के लिए आवश्यक दक्षता एवं कौशल अर्जित करने के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। व्यावसायिक दक्षता प्राप्त ये विद्यार्थी भविष्य में जहाँ एक ओर अपने मनपसंद क्षेत्र में रोजगार पा सकेंगे। वहीं स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने में भी समर्थ हो सकेंगे। डीवीसी प्रदीप पटवा द्वारा प्राचार्यों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार, विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, अतिथि व्याख्यान, औद्योगिक भ्रमण, ऑन जॉब ट्रेनिंग सहित व्यावसायिक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिससे प्राचार्य अपने स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन कर सकें। आई.टी. सेल सहायक समन्वयक नीलेश मीना द्वारा योजना के तकनीकी पक्षों की जानकारी दी गई।

### जरूरतमंदों को जीवन दान के लिए रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रोटरी क्लब नर्मदापुरम, इनरव्हील क्लब एवम पर्यावरण टोली द्वारा जिले में थेलेसिमिया के मरीज़ों की रक्त की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सोमवार को क्लब के नए सत्र का आगाज़ नर्मदा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन करके किया जा रहा है । क्लब अध्यक्ष शील सोनी एवं क्लब के सदस्यो द्वारा शहर के सभी नागरिकों द्वारा शिविर में आकर रक्तदान करने की अपील की गई है।

### पहाड़िया के पास अनियंत्रित हुई कार, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में इटारसी रोड पर पहाड़िया के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंबे से टकराकर पलट गई। हादसे में कार में सवार 3 युवक घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया। तीन युवकों में से एक युवक को गंभीर चोट आई। नर्मदापुरम से इटारसी की तरफ जा रहे थे उसी दौरान पहाड़िया के पास मोड पर हादसा हुआ। तीनों युवक बोदरवाडा माखननगर के रहने वाले हैं। नर्मदापुरम से इटारसी की तरफ जा रहे थे। सामने एक बाइक आ जाने से उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सीधे बिजली के खंबे से टकराई और पलटी खा गई। टक्कर से बिजली का खम्बा टूट गया। घायल नितिन मीणा(22), नीरज मीना (24), सौरभ मीना (26 सभी निवासी बोदार वाडा माखननगर। युवक नर्मदापुरम से टाइल्स खरीद कर अपने गांव की ओर जा रहे थे। घायल युवक का इलाज जारी है।

## युवाओं ने किया नर्मदा तट पर श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा नदी के परमहंस घाट पर रविवार को जय हो समिति द्वारा प्रातः स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत नदी की सफाई की गई। जिसमें पानी में से कचरा, पालिथीन, कांच की बोतल, सड़े हुए कपड़े, जलकुम्भी एवं अन्य जलीय घास को निकालकर नदी की सफाई की। साथ ही कचरे एवं जलकुम्भी को एकत्तरित कर नष्ट किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा बताया कि हमें पर्यावरण को कैसे स्वच्छ रखना है। अगर हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे, हम उतना ही स्वस्थ होंगे। जिससे बीमारी नहीं होगी। नर्मदा नदी की साफ सफाई कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के अनिल मिश्रा, सुरेश शर्मा, विवेक वर्मा, किशन सराठे, विकास गुप्ता, अंकित वर्मा, संजु प्रजापति, कपिल तोमर, सुजीत कैथवास, अंकित सागर, सागर पटैल, अनुराग वर्मा, जतिन यादव उपस्थित रहे।

## शिविर में पुलिसकर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




पुलिस कर्मियों और उनके परिवार के स्वास्थ परीक्षण के लिये रविवार को एक निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन पुलिस लाइन के हाल मे किया गया। लाइन की आर आई स्नेहा चंदेल के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन मे यह शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेठा केसंर हॉस्पिटल के डाक्टर सहित स्पर्श फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की डाक्टर टीम मौजूद रही। शिविर में पुलिस कर्मियों और उनके परिजनो ने निशुल्क स्वास्थ शिविर का लाभ लिया और स्वास्थ का परीक्षण किया। शिविर लगभग 62 पुलिस कर्मियों और उनके परिजनो का स्वास्थ परीक्षण किया गया। स्पर्श फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की डॉ सुनैना मिश्रा द्वारा कुछ मरीजो की फिजियोथैरेपी कर अपने आपको कैसे फिट रखे, इसके बारे मे बताया। आयोजित शिविर में डॉ सौरभ पाठक, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. सुनैना मिश्रा, डॉ. विनोद यादव, डॉ. विनोद कुमार चौरे, डॉ. राकेश रघुवंशी, प्रवीण सिंह, पूनम यादव रोशनी बरकडे, मलखान सिंह अहिरवार, अभिषेक जैन आदि मौजूद रहे।

### बच्चों में संस्कारित शिक्षा के लिए पहली पसंद है पालकों की

## शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है प्रेरणा कांवेंट स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उतिष्ठ जागत् प्राप्य बरान्निबोधत् उठो, जागो और श्रेयकर को प्राप्त करो। यह अमृत संदेश प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल के शब्द-शब्द में प्रतिध्वनि हो रहा है और हमारा उद्देश्य है प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास कर उसे सर्वोच्च शिखर तक ले जाये। बच्चों में अंतर्निहित योग्यता को पहचानकर उसे पहचानना और उसे अभीष्ट प्राप्ति की ओर ले जाना निश्चत ही प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल अपने कार्य में पूर्णतः सिद्ध हुआ है। विद्यालय' विद्या का मंदिर होता है। जहां विद्या की देवी 'मां सरस्वती' के उपासक अर्थात विद्यार्थी ज्ञान की प्राप्ति के लिये जाते हैं। विद्यालय वह पवित्र स्थान है जहां अबोध बच्चों को अनुशासन, सच्चरित्रता एवं सभ्य नागरिक बनने की शिक्षा दी जाती है। एक मनुष्य की पहचान दो चीजों से होती है। एक उसका ज्ञान और दूसरा उसका नैतिक ज्ञान यानी संस्कार। एक मनुष्य संस्कारों के बिना अधूरा है। विद्यार्थी जीवन में नैतिक ज्ञान एक अहम भूमिका निभाती है। एक विद्यार्थी में चाहे जितना भी ज्ञान हो यदि उसमें नैतिक शिक्षा का अभाव है तो सब बेकार हो जाता है। हर माता-पिता अपने बच्चों को अच्छा संस्कार और अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं ताकि वह आगे चल कर सफल हो सकें, समाज में सम्मान हासिल कर सकें। इसलिए अच्छे संस्कार बचपन से डाले जाने चाहिए। अगर विद्या सफलता की चाबी है, तो नैतिक शिक्षा सफलता की सीढ़ी है। प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के विकास हेतू धामिक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय त्योहारों का आयोजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियां होती है। विद्यालय उत्कृष्ठ शिक्षा के साथ वो सभी सुविधाएँ प्रदान करता है जिसकी पालक कल्पना करते है प्राकृतिक सौंदर्य के बीचों बीच स्थित विशाल भवन व विशाल हवादार अध्ययन कक्ष, आरामदायक व आकर्षक बैठक व्यवस्था, ई-क्लास, ज्ञानवर्धक खिलौने, एक्टिविटी हॉल, ओडियो विडियो रूम, कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, लाइब्रेरी, अंग्रेजी भाषा विकास, हस्तलिपि सुधार, लेखन गति विकास, उच्चारण क्षमता विकास, वाद विवाद व भाषण का अभ्यास,स्किल क्लास, रिजनींग, डेवलोपमेंट, परसोनालीटी देवलोपमेंट की कक्षाये नर्सरी से 12वीं तक कक्षाएं, विषय मैथ्स, साईस, बायोलॉजी, कॉमर्स विथ कम्प्यूटर, पीएचई, आईपी, एग्रीकल्चर, उमानीति, म्यूजिक, आर्ट, डांस, क्राफ्ट, ड्राईंग, पेंटिंग, योग, कराते, प्ले आर्ट आदि। इसके साथ ही 10-12वी के विद्यार्थियों हेतू कैरियर काउन्सिलिंग स्टेस मेनेजमेंट ,पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस का आयोजन किया जाता है। विद्यालय में खेल मैदान में खेलों के प्रशिक्षण की उचित व्यवस्था है। स्कूल बैंड, ईको क्लब, कराते, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, टेबल टेनिस, फुटबॉल, योग, पिरामिड निर्माण आदि का प्रशिक्षण छात्रों मे सामंजस्य की भावना का विकास हेतू सहायक है। अभिभावकों की आशाओं को हम उच्च संस्कारी व उच्च कोटि के चरित्र निर्माण से साकार कर रहे हैं। सांस्कृतिक नृत्य मे जिले में प्रथम स्थान, कराते राज्य व अंतर्राज्यीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय खो-खो व क्रिकेट में भी राष्ट्रीय स्तर पर छात्र चयनित हुये है। 10-12 के परीक्षा परिणामों में भी अव्वल अंकों से उत्कृष्ट अंकित किया है। इस उपलब्धियों का कारण है प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास का हमारा लक्ष्य व आपके बच्चे की सुदृढ़ नींव की हमारी प्रतिबध्ता, तो आइए हम और आप मिलकर बच्चों के सुनहरे भविष्य की सवारे व समाज को अच्छे नागरिक देने में सहायक है।



## खबर संक्षेप



### दो घरों में लगी भीषण आग, दमकल ने बुझाई

**मुलताई।** ग्राम सावंगी में अज्ञात कारणों के चलते दो मकानो में आग लग गई। जिसके कारण घर का पूरा सामान जल गया। गांव के लोग और परिजन आग बुझाने में जुटे रहे। इधर आगजनी की सूचना मिलते ही मौके पर मुलताई और आठनेर से फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई थी, जिसने आग पर काबू पाया। आगजनी में लाखों रुपए के नुकसान होने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सावंगी निवासी पांडुराव झरबड़े और पंजाबराव झरबडे के मकान में अचानक आग लग गई थी। जैसे ही घरों से लपेट उठती हुई दिखाई दी तुरंत ही इसकी सूचना दमकल को दी गई। इधर आग लगने की सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर जमा हो गए और अपने-अपने साधनों से आग बुझाने क्या प्रयास करने लगे। बताया जा रहा है कि आग लगने से करीब 2 से तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। फायर टीम में धनराज पवार, विजय बडघरे और गिरीश पिपले ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।-

### थाने के पास के दुकान वालों ने सौंपा ज्ञापन

**मुलताई।** नगर के पुलिस थाने के पास दुकान लगाने वालों ने नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे मांग की है कि नपा द्वारा उक्त स्थान पर नारियल की दुकान लगाए जाने की बात कही गई है। जिसके चलते उनकी रोजी-रोटी पर संकट आन पड़ा है। उन्होंने बताया कि वे लोग कई वर्षों से थाने के पास फल फ्रूट आदि की दुकान लगा रहे हैं। जिससे कि उनके घर परिवार का जीवन यापन चलता है। उन्होंने नपा द्वारा उक्त स्थान पर नारियल की दुकान लगाए जाने पर कहा कि यदि यहां पर नारियल की दुकान लगेगी तो हम कहां जाएंगे। ऐसी स्थिति में हमारे जीवन यापन पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। वहीं नगर वासियों द्वारा कहा जा रहा है कि बिना किसी योजना के ही नगर पालिका द्वारा छोटी-छोटी दुकान लगाने वालों को यहां से वहां स्थानांतरित किया जा रहा है। बीते दिनों चौपाटी को भी शनि तालाब के पास लगाया गया था। जो की बिना व्यवस्थाओं के कारण अब यहां लगी दुकान वापस अपने-अपने पुराने स्थान पर जा चुकी है।

### पत्रकारों को दी गई नए कानून की जानकारी

**बैतूल।** थाना शाहपुर में रविवार को क्षेत्रान्तर्गत समस्त पत्रकारों के साथ 1 जुलाई को लागू होने वाले नये कानून के संबंध मे अवगत कराया गया। जिसमे थाना प्रभारी शाहपुर द्वारा पत्रकारों को नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध मे बताया गया। बैठक में शाहपुर क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ नागरिक जन, नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, पत्रकारगण एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को नये कानून का प्रचार प्रसार हेतु पधारने का आग्रह किया गया है।

### चैनपुरा में करंट लगने से गाय की मौत

**सीहोर।** जिले की खेड़ी ग्राम पंचायत खेड़ली के चैनपुरा में एक गाय को करंट लग गई। इसमें गाय की मौत हो गई। घटना सुबह के समय की है। चैनपुरा में गांव के बाहर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। इसमें ट्रांसफार्मर के खंभे पर कट आउट बॉक्स काफी नीचे लगा हुआ है। गाय इसकी चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गांव के विनोद शर्मा ने बताया कि यहां पर इससे पहले भी 19 जून को एक गाय को करंट लग चुका था, उसकी भी मौत हो गई थी।

### सरकारी दफ्तर 10 से 6 बजे तक खुले रहेंगे

**सीहोर।** जिले के सभी शासकीय कार्यालय अब सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कलेक्टर को आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि प्रतिदिन कार्यालय प्रारंभ होने के निर्धारित समय 10 बजे से अधिकारी-कर्मचारियों सभी की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने किया प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह का

# हर समाज का प्रबुद्ध वर्ग साथ तो क्षेत्र में लिखेंगे विकास की गाथा: डॉ. पंडाग्रे





**इन लोगों को किया गया सम्मानित**

*संस्कृति प्रकोष्ट की टोली द्वारा प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह के तहत नगर के पुलीस विभाग, पूर्व सैनिक, संत समाज, चिकित्सक, अग्निशमनकर्मी, एनजीओ, साहित्य, खेल, स्वछतामित्र, वनविभाग कर्मी, प्राचार्य,शिक्षक-शिक्षिकाओं, मेधावी छात्र-छात्राओं, व्यापारी संगठनों, पत्रकार संगठन का सम्मान किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

समाज के बुद्धिजीवी, प्रबुद्ध वर्ग एक साथ एक मंच पर उपस्थित हो तो निश्चित तौर से शहर की इबारत लिखने का कार्य बड़ी आसानी के साथ किया जा सकता है। यह बात आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ योगेश पडाग्रे ने भारतीय जनता पार्टी संस्कृति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित किए गए कार्यक्रम में शोभापुर के डोंगरे लान मे कहा। उन्होंने कहा कि शहर को किसी भी कीमत पर उजड़ने नहीं दिया जाएगा शहर में रौनक कैसे आएगी, उद्योग धंधे कैसे स्थापित होंगे इसके लिए उनके माध्यम से लगातार संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 5 हजार 500 सौ करोड़ रुपए की लागत से 660 मेगावाट की 12 नंबर इकाई निर्माण किए जाने का रास्ता साफ हो गया है और इसके लिए युद्धस्तर पर काम भी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की तवा श्री जो भूमिगत खदान थी उसके मुहाने खोदने का भी कार्य जारी है साथ ही 12 जून को मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सीएचपी में सीमेंट की फैक्ट्री स्थापित किए जाने को लेकर उच्च अधिकारियों से चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि उनके 5 साल की मेहनत अब रंग लाने लगी है। निश्चित तौर से शहर में रोजगार के संसाधन बेहतर हो इसका हर स्तर पर प्रयास करने का कार्य किया जा रहा है। नपाध्यक्ष किशोर बरदे ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा की नगर की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने से लेकर समाज को दिशा देने वाले भविष्य का निर्माण करने वाले को सम्मान देने की अनोखी पहल के लिए भाजपा संस्कृति प्रकोष्ठ की टीम बधाई के पात्र है। कार्यक्रम के आयोजक एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुधा चन्द्रा ने कहा की आमला सारनी विधायक के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास किया गया है।


प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष किशोर बरदे, वरिष्ट भाजपा नेता पीजे शर्मा, समाज सेवी राजेश आहूजा, भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रंजीत सिंह, पूर्व नपा प्रतिपक्ष संजय अग्रवाल, वरिष्ट नेता जीपी सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम आदि मौजूद थे।

## आओ प्रेरणा बने जन्मदिन पर

# करना हो मानव सेवा, रक्तदान ही है उत्तम सेवा: विकास मिश्रा

**बैतूल।** जन्मदिन के मौके पर अक्सर आप ने लोगों को जम कर पार्टी करते हुए देखा होगा. लेकिन बैतूल शहर के अभिषेक कुशवाहा, आदित्य कुशवाहा, नितिन गौतम, संजय महाले नें रक्तदान कर युवाओं ने एक अनूठा संकल्प लिया है। इन्होंने जन्मदिन के मौके पर रक्त दान किया गया,जिसके चलते यह अन्य लोगो को भी रक्त दान के लिए प्रेरित कर रहे है. इस दौरान ईस्ट मित्रों सहित रक्तदान कर लोगों से अपील की है की आप सभी रक्तदान करे और लोगों के जीवन बचाने के लिए अहम भूमिका निभाए। इस दौरान रक्तमित्र विकास मिश्रा ने कहा, हमारे किए गए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है। रक्तदान का कितना महत्व है इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबरदस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं, इससे हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। जन्मदिन, सालगिरह पर केक काटने के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन करना चाहिए, रक्त किसी फैक्टरी में नही बनता एक इंसान ही रक्तदान कर सकता है।

### जन्मदिन पर लिया देहदान का संकल्प



*बैतूल। समाज के कई लोगों को अपनी जिम्मेदारी का अहसास होता है। जिसमें वरिष्ठ नागरिक भी इसमें पीछे नहीं रहतें हैं। डॉक्टर्स डे और अपने जन्मदिन के अवसर पर 70 वर्षीय दिनेश कुमार श्रीवास ने अपनी देहदान का संकल्प पत्र दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.शिवम शर्मा और होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ.आदित्य शुक्ला की उपस्थिति में भरकर सौंपा। तिलक वार्ड निवासी दिनेश श्रीवास श्री राधा कृष्ण धर्मशाला गंज में एकाउंटेंट हैं। उन्होंने यह संकल्प स्वप्रेरणा से लिया। इस मौके पर डॉ.शिवम शर्मा और डॉ.आदित्य शुक्ला ने कहा के उम्र के इस दौर में समाज सेवा का यह जज्बा अनूठा है जिससे युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए। श्रीवास के इस कार्य की सभी लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है।*

# किसानों को उचित दर पर उपलब्ध कराएं सभी प्रकार की कृषि सामग्री: कलेक्टर

## जिला निगरानी समिति की बैठक किसानों पर की चर्चा



**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि किसानों को उचित दर पर कृषि संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए जरूरी है कि बिचौलियों को लेन-देन से दूर रखें। हमारा किसान जमीन पर ही रहता है और जमीन के लिए काम करता है उससे जुड़ने के लिए जरूरी है कि सीबीबीओ जमीन पर बेहतर काम करें, विशेष कर फसलों के मूल्य संवर्धन संबंधी कार्य करें।


भीमपुर,भैंसदेही क्षेत्र में खरीफ में मिलेट फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाए। कलेक्टर सूर्यवंशी शनिवार को जिला निगरानी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन, एलडीएम एके सिंह, डीडीए आनंद बड़ोनिया सहित अन्य विभाग के अधिकारी, विभिन्न कृषक उत्पादक संगठन एवं सीबीबीओ संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक राहुल कुशवाह ने बताया कि भारत सरकार की 10 हजार एफपीओ योजना के अंतर्गत बैतूल जिले के विकासखंडों में 17 एफपीओ बनाये गये हैं। जिले में ज्यादातर एफपीओ द्वारा अपने किसान सदस्यों को उचित दर में कृषि संबंधित सामग्री जैसे खाद, बीज, मुहैया कराए जा रहे है।

### बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

**सारनी।** बिजली विभाग ने अघोषित बिजली लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करने की बजाय समस्या को विकराल बना दिया है। बिजली की कटौती क्यों की जा रही है इसको लेकर बिजली विभाग के कर्मचारी कुछ कहने को तैयार नहीं है जबकि ग्रामीण क्षेत्र में शत प्रतिशत बिजली बिलों की वसूली की जा रही है। शनिवार की रात और रविवार के दिन लगभग 40 से अधिक बार बिजली कटौती का दौर चलता रहा। बिजली विभाग के माध्यम से इसकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है अब ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल फेस मोटर भी नहीं चल पा रही है। समस्या से जूझ रहे हैं ऐसी स्थिति को देखते हुए रविवार को आधा दर्जन से अधिक गांव में बैठक करके 5 जुलाई के बाद बिजली कार्यालय घोड़ाडोंगरी का घेराव करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# चिचोली में स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी शासकीय अस्पताल की भूमि पर बस स्टैंड

## पार्षद नेहा रूपेश आर्य ने कलेक्टर से की शिकायत






**बैतूल।** नगर परिषद चिचोली द्वारा शासकीय अस्पताल की भूमि पर बस स्टैंड निर्माण कार्य शुरू करने के विवाद ने तूल पकड़ लिया है। वार्ड क्र. 15 की पार्षद नेहा रूपेश आर्य ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस विवादित प्रकरण की जांच की मांग की है। इस विषय पर पूर्व विधायक निलय डागा और घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी ने भी कलेक्टर से चर्चा की। नेहा आर्य के अनुसार 26 जून को नगर परिषद चिचोली ने बस स्टैंड निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया और परिसर में स्थित वृक्षों की कटाई भी शुरू कर दी गई है। चिचोली विकासखण्ड सहित भैसदेही, बैतूल, शाहपुर की करीब 1.5 लाख आबादी के लिए यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अत्यंत महत्वपूर्ण है, खासकर आर्थिक रूप से पिछड़े आदिवासी जनजातीय एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए।

**स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखने का आरोप:** श्रीमती आर्य ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद चिचोली के अध्यक्ष और उनके परिवार ने अपने निजी स्वार्थ के लिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि यह परिसर अपने कब्जे में लेकर बस स्टैंड की आड़ में व्यवसायिक कॉम्पलेक्स बनाने की तैयारी में है।

## महिला सेवा समिति की बैठक हुई

# यज्ञ में गुरु दीक्षा साथ ही किए गए पुंसवन संस्कार भी



**सारनी।** गायत्री प्रज्ञा पीठ में रविवार को यज्ञ कार्यक्रम में गुरु दीक्षा एवं पुंसवन संस्कार के साथ-साथ महिला मंडल की बहनों की राष्ट्रीय सेविका समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ सेविका निशा गड़वे दीदी तथा अन्य बहनों रत्नमाला पांसे, शालिनी घानेकर, हेमलता पांसे प्रियंका काले, मीनाक्षी दुआ, जागृति सराटकर ने योग, पौधरोपण, कुटीर उद्योग लगाने, आत्मनिर्भर बनने, घर परिवार में संस्कारित वातावरण बनाने अपने हितों की रक्षा के लिए विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम आयोजित करते रहने के लिए कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। मुख्य प्रबंधक गुलाब राव पांसे तथा प्रमिला पांसे ने पुंसवन संस्कार करते समय उत्तम गुण,कर्म और स्वभाव युक्त संतान प्राप्ति के लिए आवश्यक उपाय बताए तथा गुरु दीक्षा संस्कार में बताया कि दीक्षा लेने के बाद शिष्य को गुरु अनुशासन में चलना आवश्यक है उपासना,साधना, आराधना करना तथा गुरु निर्देशों के अनुरूप चिंतन,चरित्र और व्यवहार को ढालना चाहिए।

## पंचशील बुद्ध विहार हुई समिति की बैठक


# बाबासाहेब आंबेडकर जयंती समारोह के आय-व्यय का संपूर्ण ब्योरा किया प्रस्तुत

**बैतूल।** बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती पर आयोजित सभी कार्यक्रमों की समीक्षा करने और आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत करने के उद्देश्य सेरविवार को दोपहर 2 बजे पंचशील बुद्ध विहार सदर में सार्वजनिक अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक पंचशील बुद्ध विहार, सदर बैतूल में आयोजित की गई।

समिति की अध्यक्ष आयु.आशा मांडवे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सदस्यों के समक्ष जयंती समारोह की आय-व्यय का सम्पूर्ण ब्योरा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष आयु. आशा मांडवे ने सभी लेन-देन का निरीक्षण किया और समिति के पारदर्शिता और जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। इस वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती सार्वजनिक अम्बेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में हर्षोल्लास से मनाई गई थी। समिति के उपाध्यक्ष संदीप पाटिल ने बताया कि इस वर्ष की जयंती समिति के सहयोग और प्रयास से सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों का योगदान रहा, जिससे कार्यक्रम अधिक प्रभावी और यादगार बना। जयंती के दौरान विविध सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आगामी वर्ष के लिए और क्या किया जा सकता है इस पर भी विचार-विमर्श किया। साथ ही समारोह के पश्चात समिति के पास उपलब्ध शेष राशि के उपयोग पर भी चर्चा की गई। इसमें तय किया गया कि यह राशि आगामी वर्ष अधिक व्यापक और समृद्ध बनाने में उपयोग की जाएगी। अध्यक्ष आयु.आशा मांडवे ने बैठक के अंत में सभी सदस्यों और सहयोगियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# ईंटाभट्टा कॉलोनी के सार्वजनिक कुएं की श्रमदान से की सफाई

## कुएं का पानी खाली करेगी नगर पालिका



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के अभियान के तहत रविवार को ईंटाभट्टा कॉलोनी के सार्वजनिक कुएं की सफाई की गई। उक्त कुएं से ईंटाभट्टा के लोग निस्तारी का पानी लेते हैं। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लगातार जलस्त्रोतों की सफाई की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जन सहयोग से श्रमदान कर जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन किया गया। इसी के तहत ईंटाभट्टा के सार्वजनिक कुएं की श्रमदान से सफाई की गई। कुएं के भीतर दीवारों में काफी मात्रा में झाड़ियां ऊग आई थीं। टीम के सदस्यों ने सेफ्टी बेल्ट के सहारे कुएं में उतरकर झाड़ियां निकालीं। इसके बाद पानी के भीतर गिरी डिस्पोजल,बाटलें,ग्लास आदि कचरे को जाली की सहायता से बाहर निकाला गया,उक्त कुएं के पानी का उपयोग ईटाभट्टा के लोग निस्तारी के लिए करते हैं।इस मौके पर उपयंत्री रविंद्र वराठे,नोडल अधिकारी कमलेश पटेल एवं अन्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## वार्ड 12 की पार्षद ने की पीड़ा

# 18 महीने में 74 आवेदन, पर नहीं हुए निर्माण कार्य: इसरत



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी के वार्ड क्रमांक 12 तिरुपति बालाजी वार्ड की कांग्रेस पार्षद इसरत बी ने 18 माह में वार्ड में विकास के लिए 74 आवेदन लगाए लेकिन वार्ड में ढंग से साफ-सफाई का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर उन्होंने कलेक्टर कार्यालय का रुख करने का मन बना लिया है। पार्षद इसरत बी ने बताया कि मंगलवार को अपने पति के साथ कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में खड़े होकर वार्ड में मूलभूत सुविधा जैसे नियमित साफ-सफाई करना, स्ट्रीट लाइट चालू करना, पेयजल की व्यवस्था करना इसके अलावा बारिश में वार्डों में कीचड़ न हो इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करना उसकी मांग करेंगे। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद सारनी में भेदभाव भाई भतीजावाद चरम सीमा पर है। ऐसी स्थिति में जिन वार्डों में निर्माण कार्य होना चाहिए उन वार्डों को इंजीनियर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के माध्यम से नजर अंदाज किया जाता है। भाजपा के पार्षदों के वार्डों में करोड़ों के निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं और कोई आवेदन ही दे रहा है लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है ऐसी स्थिति में उनके माध्यम से जनसुनवाई में 74 आवेदन ले जाकर कलेक्टर के समक्ष रखकर समस्या का समाधान करने की मांग करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में 15 लाख रुपए की लागत से पेविंग ब्लॉक लगाए जाने की निविदा निकल गई थी लेकिन संबंधित ठेकेदार ब्लाक नहीं लगाए हैं।

## जनमानस कल्याण संस्थान पुलिस इंडिया रिफॉर्म ने रोपे पौधे

# पीपल, बेल, और कल्पतरु के पांच-पांच पौधे लगाए




**बैतूल।** जनमानस कल्याण संस्थान पुलिस इंडिया रिफॉर्म ने रविवार को पुलिस ग्राउंड में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत पीपल, बेल, और कल्पतरु के पांच-पांच पौधे लगाए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा मिला। प्रदेश अध्यक्ष किशोर धोटे ने बताया इस पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ पर्यावरण संरक्षण ही नहीं था, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना और लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के महत्व से अवगत कराना भी था। पौधों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया। यह भी घोषणा की कि वे आने वाले समय में और अधिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करेंगे और समाज के हर वर्ग को इसमें शामिल करेंगे। उनका उद्देश्य है कि बैतूल और आसपास के क्षेत्रों में हरियाली और स्वच्छता बनी रहे। धोटे ने कहा यह पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान में पुलिस इंडिया रिफॉर्म के प्रदेश अध्यक्ष किशोर धोटे, रविंद्र धोटे, राजकुमार महतो, सतनाम सिंह बरवा, निलेश सोनी, गौतम यादव, विष्णु साहू, सोनू साहू, कृष्ण सिंह चौहान, राज साहू व अन्य सभी पदाधिकारी और सदस्यगण से शामिल हुए।

### कुंबी समाज संगठन ने लगाए 101 पौधे

बैतूल। ग्राम दनोरा में क्षत्रीय लोणारी कुनबी जिला संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में 101 पौधों का रोपण किया गया जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष दिनेश महस्की द्वारा की गई। साथ ही घरोंदा की करुणा ताई एवं दिव्यांग बच्चों ने भी पौधरोपण में अपना योगदान दिया। पर्यावरण संरक्षण के इस कार्य में क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज पूर्व सैनिक समिति के अध्यक्ष पंडरी डांगे, सदस्यगण, क्षत्रीय लोणारी कुनबी समाज महिला संगठन अध्यक्ष सिद्ध लता ताई महाले एवं कार्यकारी सदस्य, मधुबाला ताई देशमुख लायंस क्लब महिला संगठन के अध्यक्ष, श्री तुलसी गो सेवा आश्रम की चित्रा सुरेन्द्र धोटे एवं सदस्य, ग्राम पंचायत दनोरा के सदस्य सम्मिलित हुए दिनेश महस्की ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने चाहिए और इस मानसून में अनिवार्य तथा एक निश्चित संख्या में पौधे लगाने चाहिए। पौधरोपण के कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्य अखिलेश वाघमारे ने सभी का धन्यवाद दिया।

### गायत्री परिवार ने देहगुड़ में किया पौधरोपण



*बैतूल। पर्यावरण को लेकर लोगों को व्यक्तिगत तौर पर या संगठनों को आगे आना होगा। अध्यात्म और समाजसेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हमेशा से अग्रणी अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बैतूल द्वारा वृक्ष गंगा अभियान का शुभारंभ 101 पौधे रोपण कर किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम देहगुड़ के शिक्षक तिलक सोलंकी के सेवानिवृत्ति पर शाला परिसर में 50 छायादार पौधे का रोपण शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया एवं 51 फलदार आम, जाम ,जामुन के पौधे उपस्थित कृषकों को भेट किए गए। इस मौके पर गायत्री परिवार के आरके पालीवाल ने कहा की प्रत्येक विद्यालय में शिक्षकों,एवं बच्चों को उपहार में पौधे का उपहार दिया जाना अच्छी पहल है। गायत्री शक्तिपीठ बैतूल के ट्रस्टी रोशनलाल पट्टैया ने कहा की वर्तमान में तापमान 48 डिग्री तक हो गया। वह दिन दूर नहीं जब हमें ऑक्सीजन खरीदना पड़ेगा क्योंकि हम वनों की कटाई को रोक नहीं पा रहे। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों में पर्यावरण जागरूकता और जन चेतना आवश्यक है यही सच्ची ईश्वर सेवा है। इस अवसर पर शाला स्टाफ प्राचार्य दुबे ,गजानंद झाड़े, गायत्री परिवार के वरिष्ठ संगीतज्ञ मधु वर्मा, देवेंद्र साहू, मनीष धोटे सहित ग्रामीण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

## 4 कंपनियों के 1388 निवेशकों के 4.42 करोड़ की होगी ब्याज सहित वसूली

# पिनकॉन ग्रुप के निवेशकों में हर्ष कलेक्टर सागर दीपक आर्य हुए सख्त

कोलकाता आधारित चिटफंड कंपनी पिनकॉन ग्रुप के खिलाफ कलेक्टर सागर दीपक आर्य ने गरीब निवेशकों की पॉलिसियों के सत्यापन उपरांत 4.42 करोड़ रुपए और 12 प्रतिशत ब्याज की राशि वसूलने के आदेश दिए हैं। यह जानकारी जानकारी रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी ने दी।



मनोरंजन रॉय, विनॉय सिंह, हरी सिंह, रघु जया शेट्टी, डा दिवाकर, डी के सिंह इत्यादि

- एसपी करेंगे आपराधिक विवेचना, ग्रुप के खाते फ्रीज और संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कोलकाता आधारित चिटफंड कंपनी पिनकॉन ग्रुप के खिलाफ कलेक्टर सागर दीपक आर्य ने गरीब निवेशकों की पॉलिसियों के सत्यापन उपरांत 4.42 करोड़ रुपए और 12 प्रतिशत ब्याज की राशि वसूलने के आदेश दिए हैं। उक्त आशय की जानकारी रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी ने दी। श्री साहू ने बताया की उत्कल मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी, ग्रीन एज फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड, एलआरएन फाइनेंस लिमिटेड एवं एलआरएन प्रोड्यूसर के नाम पर मनोरंजन रॉय, विनय सिंह, हरी सिंह, डॉ. दिवाकर सिंह, डीके सिंह आगरा व अन्य के पिनकॉन ग्रुप ने अधिक ब्याज देने या प्रोडक्ट देने का लालच देकर एफडी/आरडी कराई और जब राशि वापसी का समय आया तो कंपनी 31 मार्च 18 को भगवान गंज और गोपाल गंज सागर स्थित कार्यालय बंद करके भाग गई। पूर्व में निवेशकों की ओर से धीरज चौरसिया, नीरज चौबे, अनिल जैन, यशपाल कोष्टी, वीरेंद्र जैन एवं युवराज चौरसिया ने निवेशकों की वापसी राशि वापसी के लिए कोलकाता भोपाल और सागर सहित अनेकों स्थानों पर आवेदन दिए किंतु कोई कार्रवाई नहीं होने पर इटारसी के अधिवक्ता रमेश के साहू के माध्यम से मध्य प्रदेश निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 नियम 2003 के तहत 1/12/21 को प्रकरण संस्थित जिसमें संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने एसडीएम सागर को अधिकृत कर निवेशकों की पॉलिसियों का सत्यापन कराया। निवेशकों के साक्ष्य लिए और गरीब निवेशकों के पक्ष में तथा पिन कॉन ग्रुप के खिलाफ 4.42 करोड़ रुपए की वसूली 12 प्रतिशत ब्याज के आदेश पारित कर दिए हैं। वसूली सुनिश्चित करने हेतु सभी संपत्ति कुर्क और बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कंपनी अनेकों नोटिस और पब्लिकेशन के बाद भी पक्ष रखने उपस्थित नहीं हुई। पिनकॉन ग्रुप के खिलाफ कलेक्टर नर्मदापुरम एवं कलेक्टर छतरपुर द्वारा भी इसी प्रकार के राशि वसूली के आदेश निवेशकों के पक्ष में जारी किए हैं। पिनकॉन ग्रुप ने मध्य प्रदेश में छतरपुर, सागर, दतिया, नर्मदापुरम, बैतूल, सिवनी छपारा सहित 14 ब्रांचों के माध्यम से करीब 80 करोड़ रुपए और देश भर में 1000 करोड़ का चिट फंड घोटाला किया है।

# जिले के 17 प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि महर्षि नारद सम्मान से सम्मानित

## भैयाजी चन्ने स्मृति सेवा न्यास इटारसी ने पत्रकार भवन में किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



महर्षि नारद पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को स्व. प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में स्व भैयाजी चन्ने स्मृति सेवा न्यास इटारसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नर्मदापुरम जिले के 17 प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के ब्यूरोचीफ, रिपोर्टर एवं फोटो जर्नलिस्ट का सम्मान किया गया। स्व. प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन इटारसी में महर्षि नारद पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व महर्षि नारद के चित्र के समक्ष आमंत्रित मुख्य अतिथि पंकज जैन समाजसेवी, समाजसेवी ललित अग्रवाल और मुख्य वक्ता डॉ. सुदीप शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

समिति द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से किया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सिंह ठाकुर नर्मदापुरम, मंजू ठाकुर इटारसी, शैलेन्द्र कौरव नर्मदापुरम, मनोज कुंडू इटारसी, रामभरोस मीना नर्मदापुरम, इन्द्रपाल सिंह इटारसी, नरेन्द्र कुशवाह नर्मदापुरम, राहुल शरण इटारसी, अरविंद शर्मा इटारसी, कन्हैया गोस्वामी इटारसी, अभिषेक गौर नर्मदापुरम, राहुल अग्रवाल इटारसी, रामशंकर दुबे, नंदकिशोर व्यास, विनीत राठी, राजू राठौर एवं सुरेंद्र गौर सिवनी मालवा का शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में नर्मदापुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, व्यवसाई डैनी पांडे, राजा तिवारी के साथ अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मनोज राय एवं आभार प्रदर्शन छवि सोनी ने किया। संचालन युवा पत्रकार भूपेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

## नर्सिंग घोटाला और पेपर लीक मामले में कांग्रेस का जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन आज

**इटारसी।** प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले एवं पेपर लीक मामले में जिला कांग्रेस कमेटी कल सोमवार 1 जुलाई को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन देगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता व कांग्रेस मीडिया विभाग प्रभारी, जिला नर्मदापुरम राजकुमार केलू उपाध्याय ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटालो एवं पेपर लीक घोटाले को लेकर युवाओं को न्याय मिल सके, इस हेतु जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन देने का कार्यक्रम है। उन्होंने जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है धरना, प्रदर्शन/ में आवश्यक रूप से शामिल होने के लिए सुबह 11 बजे नर्मदापुरम पीपल चौक कोठी बाजार पहुंचें। धरना दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

# पीएम के आह्वान पर किया भाजपाईयों ने पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर 6 जुलाई तक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पिपरिया में बौद्ध रोपण का कार्यक्रम द्वारा बाजार में दशहरा मैदान लोहिया वार्ड की पार्षद कौशल्या बलराम ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। जिसमें प्रभारी प्रशांत तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता नागवंशी, सविता राज, मनोज पाल, आदि उपस्थित रहे। इसी तरह से जयप्रकाश वार्ड वार्ड सहित विभिन्न मतदान केदो पर वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर पालिका पार्षद तथा समंजन प्रतिनिधि उपस्थित रहे यह कार्यक्रम लगातार 6 जुलाई तक चलेगा जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने बताया कि 6 जुलाई तक नगर के 21 वार्ड में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# पचमढ़ी के शिक्षक की बेटी बनी आयुर्वेद चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



शिक्षक एवं समाजसेवी संजय टिकार तथा उषा टिकार की जेष्ठ पुत्री एकता टिकार को शुक्रवार को मानसरोवर ग्लोवल विश्वविद्यालय भोपाल के तत्वाधान में आयोजित ,वृहद डिग्री वितरण कार्यकम में माननीय मुख्यमंत्री म.प्र.डाक्टर मोहन यादव, कार्यकम अध्यक्ष उच्च शिक्षा तथा आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार और विशेष आतिथ्य रामेश्वर शर्मा, हुजूर विधायक भोपाल, अभिनेता रघुवीर यादव सहित, कॉलेज के डीन, प्रोफेसर, गणमान्य नागरिकों तथा अभिभावकों और विद्यार्थीयो की बडी उपस्थिति में, दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को इन्हें डॉक्टर की डिग्री सम्मान पूर्वक समारोह मे प्रदान की गई। अब वे आयुर्वेदिक चिकित्सक बन गई है। इन्होंने अपनी पढ़ाई एमपी एमएसयू जबलपुर से सम्बद्ध, श्री साई इन्स्टीट्यूट आफ आयुर्वेदिक रिर्सच एन्ड मेडिसन भोपाल से 6 वर्षो के कठिन अध्ययन पश्चात प्राप्त की है। पचमढ़ी के इतिहास में वे प्रथम आयुर्वेदिक चिकित्सक बनकर इन्होंने इतिहास रच दिया हैं।इनकी प्रारम्भिक पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी पचमढ़ी में हुई उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर सहित अपने माता-पिता और बहनो तथा स्वपरिश्रम को दिया है।

# टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत की जीत पर बच्चों ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

17 साल के लंबे इंतजार के बाद भारतीय टीम ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीतकर करोड़ों लोगों का दिल जीत लिया। टी-20विश्वकप जीतने पर रात 12 बजे देशभर में जश्न मनाया गया। दिवाली के रूप में लोगों ने आतिशबाजी और पटाखे फोड़े। नर्मदापुरम में भी जश्न का माहौल रहा। शहर के सभी मोहल्ले और घरों में आतिशबाजी की गई और पटाखे फोड़े गए। युवाओं ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। शहर में जयस्तंभ चौक पर रात में ही उत्साहित लोगों की भीड़ जमा हो गई और जमकर जश्न मनाया। पानी की टंकी के पास सर्किट हाउस चौराहा पर युवाओं ने जमकर नारे लगाए। यहां हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने जुलूस निकाला और ढोल नगाड़े बजाए। रात में ही बाजे वालों को यहां लेकर आए। शहर में मोहल्ले चौराहों के अलावा कॉलोनियों में और शासकीय बंगलों में भी भारत की जीत पर खुशी मनाई गई। हर अफ्रीकी विकेट गिरने पर पटाखे फूट रहे थे। जैसे ही जीत के करीब आए आतिशबाजी करने लोग घरों से बाहर आ गए। क्या बच्चे, क्या युवा सभी ने आतिशबाजी की। रात 12 बजे ही लोगों ने जिला अस्पताल के पास से मिठाइयां खरीदकर मुंह मीठा कराया। हलवाई चौक, सराफा बाजार, फूटा कुंआ, बालागंज, इतवारा बाजार, रसूलिया, ग्वालटोली, महिमा नगर, हरदा बायपास की कालोनियों, एसपीएम कालोनियों में खुशियां मनाई। 12.30 बजे पुलिस थानों में भी पुलिस वालों ने एक दूसरे को बधाई दी और जीत पर खुशी जताई।



## लापरवाही करने वालों को नहीं बख्शा जाएगाः सीएमएचओ

नर्मदापुरम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी नर्मदापुरम डॉ दिनेश देहलवार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी माखन नगर द्वारा संयुक्त रुप से विकास खण्ड माखन नगर अन्तर्गत ग्राम जाम, खारदा, बागरा तवा, कीरपुरा, काजलखेड़ी का भ्रमण कर चलाये जा रहे दस्तक अभियान का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम खरगावली भटवाड़ी, डांगीवाड़ा, ऑचलखेड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपस्वा.केन्द्र) का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर भटवाड़ी पर पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर अवकाश पर होने के कारण अनुपस्थित थी तथा शेष समस्त केन्द्र बन्द पाये गये। इस कारण से स्वास्थ अधिकारी डॉ देहलवार द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी माखन नगर को तत्काल संबंधित कम्युनिटी हेल्थ आफीसर को कारण बताओं नोटिस जारी करने एवं वर्षा काल को देखते हुये सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर नियमित रुप से खुले रहने तथा पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# रोजगार सहायक ने किया नाली निर्माण कार्य का विरोध, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम पंचायत बगर खेती के ग्राम नगवाड़ा में 300000 की लागत से नाली निर्माण होना है जिसमें से आधी नाली का निर्माण हो गया है बाकी नाली का निर्माण रोजगार सहायक संजू अहिरवार एवं उसके परिवार ने रोक दिया है उनका कहना है की नाली हमारे सामने से नहीं बनने देंगे दूसरी तरफ से नाली निर्माण करना चाहिए वही गांव के लोगों के घरों में बारिश का पानी जमा हो रहा है नाली निर्माण के संबंध में गांव के लोगों ने तहसीलदार को शिकायत की है वहीं ग्राम पंचायत के सचिव और सरपंच ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को रोजगार सहायक को पंचायत के कार्यों में असहयोग करने की शिकायत की है सरपंच सचिन और सहायक सचिव में सामंजस नहीं होने के कारण निर्माण कार्यो की प्रगति नहीं हो पा रही है वही ग्राम वासियों का कहना है कि एक ही तरफ नाली में निस्तारी पानी आने से नाली ओवरफ्लो आ जाती है और हमारे घरों में पानी भर आता है सरपंच रामभरोस यादव ने बताया निर्माण कार्यों में आ रही परेशानी से वरिष्ठ अधिकारियों का अवगत करा दिया है।



# मंगलवारा बाजार की 1 दुकान में आग लगने से सामान खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मंगलवार बाजार धर्मशाला वाली गली में आशीष ट्रेलर के परिवार जनों के द्वारा धार्मिक कार्यों के लिए झंडे की दुकान लगाई गई थी जो लंबे समय से संचालित थी। अचानक शनिवार शाम 5:00 बजे दुकान में झंडे में आग लग गई जिसके कारण दुकान में रखे हुए तेल के कुप्पा में भी आग लग गई। जिसके कारण दुकान पूरी जलकर खाक हो गई विशाल धुआ देख आसपास के दुकानदारों के द्वारा नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन को फोन किया गया नगर पालिका सेनेटरी शाखा प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव धर्मेंद्र शर्मा एवं अन्य नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा मौके पर तत्काल फायर ब्रिगेड ले जाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया आग बुझ गई लेकिन दुकान के अंदर कुछ सामान नहीं बचा सब जलकर खाक हो गया है जिसमें लगभग 100000 के आसपास का नुकसान बताया जा रहा है।



# गांव की सड़क न बनने से ग्रामीण परेशान भाजपा नेता के हस्तक्षेप से मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रामपुर के अंतर्गत ग्राम टोला तक रोड ना होने के कारण ग्राम वासियों को गंभीर समस्या बरसात के दिनों में बनती थी जिसे लेकर गांव की महिला पुरुषों ने एकत्रित होकर हाईवे मार्ग पर धरना प्रदर्शन करने का विचार बनाया। मुख मार्ग पर पहुंचे ही थे। इसी दौरान भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सतपाल पलिया मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ग्राम वासियों की समस्या को सुना उसके पश्चात उन्होंने तत्काल तहसीलदार वैभव बैरागी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खातिर कर को मौके पर बुलाया मौके पर अधिकारियों के पहुंचते ही तत्काल बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने पर बात की।



इस दौरान जनपद सीईओ सुमन खातिर कर के द्वारा गांव वालों के साथ बैठकर चर्चा की तथा मौके का निरीक्षण किया उसके बाद उन्होंने सरपंच सचिव दोनों को शीघ्र ही सड़क निर्माण करने के आदेश दिए ग्राम वासियों ने बताया कि बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं।

बरसात में सबसे अधिक परेशानी का सामना ग्राम वासियों को करना पड़ता है ग्राम वासियों की समस्या को लेकर सतपाल पलिया के द्वारा जनता की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से तत्काल समस्या का निराकरण करने पर आभार व्यक्त किया।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 ने बनाया नया रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट को लगातार 300 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है। यह विद्युत यूनिट की स्थापना के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस यूनिट ने 27 अगस्त 23 से 22 जून 2024 तक 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का नया रिकार्ड बनाया।

### मापदंडों में भी मिली उपलब्धि

210 मेगावाट की यूनिट ने जब 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विभिन्न मापदंडों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। यूनिट ने 100.24 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 98.6 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 9.29 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने कार्मिकों की सराहना करते हुए कहा कि समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता से लक्ष्य अर्जित करने का यह सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय उदाहरण है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल की फोटो को प्रसारित किया

# एक पेड़ मां के नाम अभियान को मिल रही गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 111 वें एपिसोंड में एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल के द्वारा पिपरिया नगर के तिलक वार्ड में अपनी बैकुण्ठवासी माताजी जमुनादेवी अग्रवाल जी की स्मृति में लगाए गए पौधे का फोटो दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मुझे ये देखकर बहुत खुशी है कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अभियान से जुड़ने वाले अपनी तस्वीरों और एक पेड़ माँ के नाम के साथ साझा करके दूसरों को प्रेरित भी कर रहे हैं।




जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मां के नाम से पौधा रोपित कर एक पेड़ मां के नाम से अभियान प्रारंभ किया था। उन्होंने कहा कि इस अभियान में नर्मदापुरम जिले के भारतीय जनता पार्टी परिवार, जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी से लेकर बूथ समिति के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ समाज के सभी वर्गो एवं मातृशक्ति के द्वारा निरंतर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 23 मण्डलों में प्रतिदिन पौधे रोपित किये जा रहे है। जिला कार्यालय मंत्री, मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी प्रशांत दीक्षित ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न विषयों को रखते हुए देश के नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। मन की बात कार्यक्रम को जिले के 23 मण्डलों पर बूथ समिति स्तर पर सुना गया। सोशल मीडिया के जिला संयोजक गजेन्द्र सिंह चौहान, राहुल ठाकुर ने बताया कि 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई तक चलाए जा रहे संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों को केन्द्र व राज्य से प्राप्त प्रमुख जानकारी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल एवं कार्यकर्ताओं एवं जनमानस तक पहुंचाने का निरंतर कार्य जारी है। जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित हो रहे है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 3 घायल, इंदौर रेफर

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम अजनाल रैय्यत में रहने वाले तीन भाई दुर्घटना का शिकार हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां दो भाइयों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें इंदौर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 4 बजे अजनास गांव में रहने वाले दिलीप तिवारी के तीन बेटे अंकित 15 साल, नैतिक 14 साल एवं अंकित 12 साल गांव में बाइक चला रहे थे। इस दौरान बाइक का बैलेंस बिगड़ने से बाइक फिसल गई। जिसमें तीनों भाइयों को चोट लगी है।

### 1 अक्टूबर तक बंद रहेगा रेत का उत्खनन

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि मानसून की अवधि में 30 जून की मध्य रात्रि से 1 अक्टूबर 24 तक सभी रेत खदानों से रेत खनन पूर्णतः प्रतिबंधित रहता है। उन्होने बताया कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सस्टेनेबल सेंड माइनिंग मेनेजमेन्ट गाइडलाइन के पालन में ही यह प्रतिबंध लागू किए जाते हैं। इस अवधि में रेत के खनन पर हरदा जिले में सख्त प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने खनिज अधिकारी के साथ-साथ जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रेत के उत्खनन पर सख्ती से प्रतिबंध लागू करें।

### 24 घंटों में जिले में 10.8 मिमी औसत वर्षा हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 10.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 8.6 मि.मी., टिमरनी में 14.6 मि.मी., खिरकिया में 14.2 मि.मी., रहटगांव में 8 मि.मी. व सिराली में 8.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 109.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 167.2 मि.मी., टिमरनी में 72.4 मि.मी., खिरकिया में 61.6 मि.मी., रहटगांव में 147.4 मि.मी. व सिराली में 99.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 30 जून तक 116.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### आज से देश में लागू होंगे तीन नए कानून

**हरदा।** सोमवार 1 जुलाई से देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू होंगे। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने बताया कि तीनों नए कानून वर्तमान में लागू ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। यह नए कानून के नाम भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बी.एन.एस.एस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बी.एस.ए.) हैं। इसी साल फरवरी में इन तीनों आपराधिक कानूनों को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इन कानून के लागू होने से कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

### खंडवा की अनुष्का जैन ने अमेरिका में किया नाम रोशन

**खंडवा।** नगर की बेटी अनुष्का पिता डॉ पंकज जैन का अमेरिका



की प्रतिष्ठित साउथ डकोटा यूनिवर्सिटी के डॉक्टर ऑफ ऑडियोलॉजी के प्रोग्राम में चयन हुआ है। वो खंडवा शहर, और जैन समाज बेटी है जिनको यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। समाज के प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि डॉक्टर ऑफ ऑडियोलॉजी, ऑडियोलॉजिस्ट के लिए एक पेशेवर डिग्री है। अवऊ प्रोग्राम को ऐसे ऑडियोलॉजिस्ट तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो सुनने, संतुलन, टिनिटस प्रबंधन और संबंधित ऑडियोलॉजिकल क्षेत्रों से जुड़ी डायग्नोस्टिक, पुनर्वास और अन्य सेवाएँ प्रदान करने में कुशल हो। अनुष्का के चयन पर खंडवा के समस्त नेतागण एवं समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र भटयांण, सुभाषचंद चौधरी, रंजन जैनी, भारतलाल जैन, मिलन जैन, संतोष बॉस, नरेंद्र जैन, प्रेमांशु चौधरी, संकल्प जैन, रजनीश जैन, सोहैल जैन सहित समाज, परिवारजन ने अनुष्का को शुभकामनाएं दी।

## केंद्रीय मंत्री ने 25 करोड़ के निर्माण व विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए खेती का विविधिकरण किया जाएगाः चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शाहगंज में आयोजित कार्यक्रम में 25 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों, गरीबों, बहनों और युवाओं के बेहतरी के लिए सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की खेती के विकास और किसानों के कल्याण के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि उत्पादन बढ़ाना है और उत्पादन की लागत कम करना है। किसानों को फसलों का उचित दाम दिलाना है। यदि प्राकृतिक आपदा आ जाए तो उसकी भरपाई भी करना है, उन्होंने कहा की खेती का विविधीकरण करना है। कृषि के क्षेत्र में नई पद्धतियां अपनानी है , ताकि किसानों को खेती से अधिक से अधिक आमदनी हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी तेजी से काम करना है। गांव के विकास और कल्याण के लिए योजनाबद्ध




ढंग से काम किया जाएगा। कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर बहन को लखपति दीदी बनाना है, इस दिशा में भी तेजी से काम करेंगे। यह काम भी प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे सौंपा है । मैं तेजी से इस अभियान पर भी काम करूंगा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से कहा कि जिस विश्वास के साथ आपने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, मैं आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा ।

**कृषि मंत्री ने संभावित लखपति बहनों से की चर्चाः** माननीय केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के बुधनी विकासखंड की संभावित लखपति बहनों से चर्चा की और उनकी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा बहनों से वर्तमान आय और आगे की योजनाओं पर चर्चा की गई। लखपति दीदी इनीशिएटिव कार्यक्रम अंतर्गत संभावित लखपति दीदी का लोकोस मोबाइल एप पर प्रशिक्षित लखपति दीदी सीआरपी प्रियंका नामदेव के माध्यम से सर्वे का शुभारंभ किया। जिसमें ग्राम निमटोन के संगम आजीविका समूह की तुलसी दीदी की जानकारी एप्प पर डाली गई।

**केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान का भव्य एवं आत्मीय स्वागत :** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का ग्रह ग्राम जैत पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। कृषि मंत्री ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात शाहगंज में रोड शो के दौरान लोग पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भैरूंदा नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**कृषि मंत्री चौहान ने ग्राम जैत में की मां नर्मदा की पूजा अर्चना**

*केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम जैत में खेड़ापति मंदिर तथा मां नर्मदा की पूजा अर्चना की एवं देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की उन्होंने जैत में बनने वाले हाई स्कूल भवन का शिलान्यास किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शचौहान ने ग्राम जैत में नर्मदा घाट का निरीक्षण किया और घाट निर्माण कार्य के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह से जानकारी ली।*

## जमीनी विवाद में हत्या

# हरसूद पुलिस ने आरोपियों को तत्काल किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

हरसूद पुलिस ने एक जमीनी विवाद में हत्या के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी संदीप उर्फ सोनू पिता लखनलाल नागवेल, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम दगडखेड़ी, ने अपने बड़े भाई जितेन्द्र के साथ थाना हरसूद में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना 29 जून को दोपहर करीब 1:30 बजे की है, जब संदीप अपने परिवार के साथ खेत में बोनी का काम कर रहे थे। इसी दौरान भगवानेदास राठौर, रमेश राठौर, प्रमोद राठौर (निवासी मादंला) और दिनेश मीणा (निवासी बारंगी) अपने बिना नंबर के नए ट्रैक्टर के साथ पहुंचे। आरोपियों ने कहा कि इस जमीन पर उनका कब्जा है और पहले भी उन्होंने फसल को ट्रैक्टर चलाकर नुकसान पहुंचाया था। भगवानेदास ने ट्रैक्टर चलाना शुरू किया, जिसमें रमेश, प्रमोद और दिनेश भी बैठे थे। संदीप के काका नारायण ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद, भगवानदास ने जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर नारायण के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे नारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। संदीप,




उनके पिता लखनलाल, मां सुमनबाई और काकी रीनाबाई ने नारायण को तुरंत हरसूद अस्पताल भेजा, लेकिन रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही, थाना हरसूद में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 334/24 धारा 307, 34 भादवि एवं 3(2)(श) रउ/रळ अउळ के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया और विवेचना प्रारंभ की गई। नारायण की मृत्यु के बाद प्रकरण में धारा 302 भादवि जोड़ी गई। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेश रघुवंशी ने मौके पर पहुंचकर विवेचना अधिकारी एसडीओपी हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर को आवश्यक निर्देश दिए। हरसूद पुलिस टीम ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया और उन्हें 30 जून को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।




## प्राचार्य जगमोहन अहाके हुए सेवानिवृत्त

**रहटगांव।** नगर की एल एन पालीवाल हायर सेकंडरी स्कूल रहटगांव में रविवार को स्कूल में पदस्थ प्राचार्य जगमोहन अहाके का विदाई समारोह रखा गया। लगभग 11 वर्ष रहटगांव में बतौर प्राचार्य रहे और जिले में अन्य स्कूलों में भी सेवा दी। उनके सेवानिवृत होने पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एल एन प्रजापति द्वारा उनके सहज कार्य एवं शांत स्वभाव की प्रसंशा की। विद्यालय के प्रति इनका सदैव पूर्ण समर्पण रहा। इस दौरान टिमरनी बी ई ओ विजय सिंह भिलाला, बीआरसी नरेंद्र शाह एवं आसपास की स्कूलों के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन अरुण गौर द्वारा किया गया। इस दौरान आलोक बिल्लौरे, मनोज मिंज, सिद्दार्थ जोशी, मनोज मालवीय, गजानंद गौर, दीपक चौधरी सहित विद्यालय स्टॉप उपस्थित रहा।

# जिलाध्यक्ष बने सुनील तिवारी, लोकेश व उत्तम महामंत्री

## नए जिला अध्यक्ष का सर्व सम्मति से किया गया मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सर्व ब्राह्मण समाज के सभी ब्लाक अध्यक्षों एवं घटक दल के अध्यक्षों सहित पंजीकृत सदस्यों ने शनिवार को एक निजी होटल में एक बैठक की। बैठक में सभी अध्यक्षों ने सर्व ब्राह्मण उन्नति एवं कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर नवीन जिला अध्यक्ष का मनोनयन सर्व सम्मति से करने का विचार रखा।

इस दौरान सर्व सम्मति से सर्व ब्राह्मण समाज उन्नति एवं कल्याण समिति ,सर्व ब्राह्मण समाज का जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी को चुना गया। वहीं महामंत्री के दायित्व के



लिए लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया का सर्व सम्मति से मनोनयन हुआ। बैठक के दौरान संरक्षक मनोहरलाल शर्मा ,चंद्रकांत शुक्ला, प्रदीप पटेल, नितेश बादर, विनीता राजोरिया, नार्मदीय ब्राह्मण मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी किशोर शुक्ला, बी पी तिवारी, मदनलाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेश पाराशर, गोविंद व्यास, डॉ राहुल दुबे, संजय परसाई, संतोष बाजपेयी रहटगांव, मनीष तिवारी खिरकिया, शरण तिवारी हंडिया, शंकरलाल शर्मा, मूलचंद दुबे, वीरेंद्र नंदवाना ने अपने विचार रखकर सर्व सम्मति से मनोनयन पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित ने की।

उन्होंने बताया कि संविधान के अनुसार घटक दल, ब्लाक अध्यक्ष एवं पंजीकृत सदस्यों द्वारा अध्यक्ष के मनोनयन का प्रावधान है। इस पवित्र भावना से सभी ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष एवं महामंत्री का मनोनयन कर मिशाल पेश की है। जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी एवं महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया के मनोनयन पर सभी ने उन्हें बधाई। इस दौरान गजानंद डाले, दीप उपाध्याय सहित सदस्य उपस्थित रहे।



## अनिल दुबे हुए सेवानिवृत

**रहटगांव।** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा हरदा में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अनिल दुबे के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन बैंक के अधिकारी और कर्मचारी और परिवारजनों के साथ आयोजन किया। श्री दुबे ने 1985 से अपनी सेवा की शुरुआत अपने ग्रह ग्राम क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा नोसर मैं कैशियर के पद से प्रारंभ की थी। उन्होंने मसनगांव मादला टिमरनी होशंगाबाद रहटगांव चारूवा चार खेड़ा में अपनी सेवाएं दी। उनके जीवन पर प्रोफ़ेसर प्रभुशंकर शुक्ला ने विस्तार से प्रकाश डाला। शाखा के वरिष्ठ जनों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में फिर दुबे का सम्मान साफा बांध कर शाल श्रीफल ओढ़ाकर माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सभी के द्वारा किया गया। अंत में श्री अनिल दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मूंग बेचने के लिए कराये पंजीयन में फर्जीवाड़ा, जांच के बाद प्रशासन ने कराया केस दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले में वर्ष 2024-25 में मूंग उपार्जन के संदिग्ध पंजीयन की जांच के लिए अनुविभागीय स्तरीय समिति का गठन किया है। संदिग्ध पंजीयनों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। हरदा के एसडीम कुमार शानू देवडिया ने बताया कि कलेक्टर सिंह के निर्देशों के पालन में मूंग उपार्जन के लिए पंजीयन करवाने वाले किसानों के अभिलेखों की जांच की गई। इस दौरान अनिल विश्नोई पिता रमेश विश्नोई निवासी ग्राम उडावा, नितिन पिता प्रवीण विश्नोई निवासी ग्राम ठेवा, माधो पुत्र प्रवीण विश्नोई निवासी ग्राम उंचा, अमन पिता अनिल विश्नोई निवासी सामरधा, भूपेश पिता राधामोहन विश्नोई निवासी ग्राम धनगांव, मंजूबाई पति कैलाश विश्नोई निवासी ग्राम धनगांव एवं संदीप पिता कैलाश विश्नोई निवासी ग्राम बूदडा तहसील हंडिया ने सेवा सहकारी समिति, खमलाय के ऑपरेटर ईश्वर विश्नोई पिता सदासुख विश्नोई निवासी ग्राम मांगरुल एवं पंकज शर्मा पिता दिनेश शर्मा निवासी ग्राम कमताडा के साथ सांठ-गांठ कर स्वंय को लाभ पहुंचाने के उद्धेश्य से अन्य भूमिस्वामियों की भूमि पर अनुचित तरीके से मूंग फसल उर्पाजन के लिए करीब 76.624 हेक्टेर का पंजीयन कराया जाना पाए जाने से थाना छीपाबड में भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं उपरोक्त व्यक्तियों एवं सेवा सहकारी समिति, खमलाय के ऑपरेटर ईश्वर विश्नोई पिता सदासुख विश्नोई निवासी मांगरूल एवं पंकज शर्मा पिता दिनेश शर्मा निवासी कमताडा द्वारा अनुचित तरीके से किए गए पंजीयनों को निरस्त किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त सेवा सहकारी समिति खमलाय के प्रबंधक ओमप्रकाश विश्नोई के खिलाफ भी कठोर अनुशानात्मक कार्रवाई किया जाना प्रस्तावित की गई है।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में प्रथम बार की मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में रविवार को प्रथम बार संपन्न हुई मन की बात का कार्यक्रम जिला विधि प्रकोष्ठ भाजपा द्वारा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अधिवक्ता देवी सिंह यादव के निवास पर संपन्न हुआ।

विधि प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक मालाकार ने बताया कि मोदी की मन की बात का यह 111वां कार्यक्रम था। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, भाजपा जिला महामंत्री राजेश तिवारी, इन्दौर संभाग प्रभारी देवेंद्र सिंह यादव, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मोहन गंगराड़े, सहसंयोजक विजय चौधरी, भाजपा जिला कार्यालय सहमंत्री पीयूष शर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव श्री रजनीश सोनी, जितेंद्र राउत, कैलाश कुमार महाले, ह्रदयेश बाजपेयी, मनीष रॉय, राहुल बिसेन, अभिषेक मालाकार, संतोष रघुवंशी सहित प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण ने उपस्थित होकर सहभागिता की।

## 600 रुपए की पेंशन की राशि अत्यंत कम हैः अर्जुन सिंह

# पेंशन बढ़ाने को लेकर सक्षम संगठन ने मुख्यमंत्री यादव के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिव्यांगों के हित में कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) जिला इकाई द्वारा दिव्यांगों की समस्याओं के निराकरण हेतु राष्ट्रव्यापी अभियान चलाकर दिव्यांग लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है इस तारतम्य में जिला इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा दिव्याँगो की पेंशन बढ़ाने को लेकर जिला सीहोर के माननीय जिलाधीश महोदय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।



सक्षम संगठन के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि आज कि महँगाई के युग में दिव्यांगों को मिलने वाली 600 रुपये की पेंशन की राशि अत्यंत कम हैं प्रतिदिन के मान से 20 रुपये की राशि से दिव्यांगजनों को जीवन यापन करने में अत्याधिक कठिनाईं हो रही है अतः दिव्यांग बंधुओं की आवाज सरकार तक पहुंचाकर उनकी पेंशन राशि 600 से 3000 रुपए बढ़ाने का शासन से अनुरोध सक्षम संस्था जिला इकाई सीहोर द्वारा किया जा रहा है आशा है शासन शीघ्र ही उनकी समस्याओं का निराकरण करेगा । इस अवसर पर सक्षम के जिला उपाध्यक्ष एच. एन वर्मा, जिला सचिव प्रदीप नागिया, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, जिला सह कोषाध्यक्ष कमल धनगर, जिला कार्यकारिणी सदस्य कमलेश राठौर,जिला कार्यकारिणी सदस्य ऋषिराज शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य आर.एस. मकवाना, जिला कार्यकारिणी सदस्य तरुण श्रीवास्तव, ज़िला इकाई से प्रेमलता राठौर, नगर अध्यक्ष प्रीति सोनी, उमा चौरसिया, दीपसिखा जोशी, अंजना राठौर, अल्का सोलंकी आदि मौजूद थे।

### दोपहर में झमाझम हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

**सीहोर।** जिले में दोपहर लगभग ढाई बजे अचानक तेज हवाओं के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। सीहोर में 21 जून को करीब 107 एमएम बारिश हुई थी। उसके बाद से मानसून लगभग रूठ सा गया था। लोग गर्मी और उमस से काफी परेशानी महसूस कर रहे थे। लेकिन आज बारिश हो जाने से मौसम में ठंडक खुल गई है। अब तक बारिश : जिले में बीते 24 घंटे में 11.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 12 एमएम, श्यामपुर में 15, आष्टा में 0, जावर में 25, इछावर में 0, भैरूंदा में 45.2, बुधनी में 0, रेहटी में 19 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से 27 तक 122.0 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 142.6 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है।

## 65 दिन से नहीं थे शुभ मुहूर्त

# 3 से 15 जतक गूंजेगी शहनाई फिर 4 माह करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

65 दिनों से विवाह आदि मांगलिक अनुष्ठान के शुभ मुहूर्त नहीं थे, गुरु और शुक्र ग्रह के अस्त के चलते 1 जून से गुरु के उदित और 2 जुलाई से शुक्र के उदित होते ही विवाह आदि मांगलिक कर्म प्रारंभ हो जाएंगे।

मां शीतला संस्कृत पाठशाला के आचार्य अंकित मार्कण्डेय ने बताया कि 28 अप्रैल को शुक्र के अस्त होने के कारण 65 दिनों से विवाह आदि मांगलिक कार्यों के शुभ मुहूर्त नहीं थे। जो 2 जुलाई से शुक्र के उदित होते ही 3 जुलाई से 15 जुलाई तक विवाह आदि मांगलिक अनुष्ठान के शुभ मुहूर्त रहेंगे। विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए गुरु और शुक्र का उदय होना जरूरी होता है। शुक्र पश्चिम दिशा में उदय हो रहे हैं। आपको बता दें, मई और जून में गुरु



और शुक्र के अस्त के चलते विवाह आदि मांगलिक अनुष्ठान के शुभ मुहूर्त नहीं थे। 17 जुलाई से 12 नवंबर तक चातुर्मास रहेगा, जिसके चलते पूरे 4 महीने विवाह के शुभ मुहूर्त के लिए फिर करना पड़ेगा इंतजार। 16 नवंबर से शुभ मुहूर्त में विवाह प्रारंभ होंगे।

**विवाह के शुभ मुहुर्त**

- 3 जुलाई - 9 जुलाई - 11 जुलाई - 12 जुलाई - 13 जुलाई - 14 जुलाई - 15 जुलाई